लोक सभा अध्यक्ष ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

…

नई दिल्ली; 12 दिसंबर 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (ALIMCO) उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, संसद सदस्य और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कृत्रिम यंत्रों/उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता (एडीआईपी) योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ADIP योजना का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों (PwDs) के शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को बढ़ावा देने के लिए टिकाऊ, परिष्कृत और वैज्ञानिक रूप से निर्मित, आधुनिक, उपकरणों की खरीद में जरूरतमंद दिव्यांगजनों की सहायता करना साथ ही उनकी आर्थिक क्षमता बढ़ाना है। यह योजना, 1981 से चल रही है तथा पीडब्ल्यूडी को कृत्रिम उपकरण प्रदान करती है, जिसका उद्देश्य उनकी स्वतंत्रता में सुधार करना और विकलांगता की सीमा और द्वितीयक विकलांगता की घटना को रोकना है।

कृत्रिम अंग निर्माण निगम (ALIMCO), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम ADIP योजना की प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसी है।